A

समग्र शिक्षा, केरल

709

FIRST TERMINAL EVALUATION 2018-19

पहला कार्यकालांत मूल्यांकन 2018-19

कक्षा-7

हिंदी

समय: 2 घंटे

सामान्य निर्देश-
- पंद्रह मिनिट का *कूल ऑफ टाइम* प्रश्न-पत्र वाचन के लिए है।
- 1 से 5 तक की गतिविधियों में से किन्हीं **चार** का उत्तर लिखें।
- गतिविधि 6 का उत्तर लिखना, अनिवार्य है।

गतिविधि-1

सूचना : कवितांश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

हरी डाल पर लगी हुई थी
नन्ही सुंदर एक कली।
तितली उससे आकर बोली
तुम लगती हो बड़ी भोली।
अब जागो, तुम आँखें खोलो,
और खेलो हमारे संग ।

(कली - പൂമൊട്ട് ,भोली - നിഷ്കളങ്ക,
संग - കൂടെ)

1) तितली को कली कैसे लगती है?

(नन्ही, सुंदर, भोली, हरी)

1) कवितांश के लिए उचित शीर्षक दें।

2) कवितांश का **आशय** लिखें।

गतिविधि-2

सूचना : समाचार पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> ### बच्चे पढ़ेंगे प्रकृति के संग
>
> अरिण्या : सरकारी यु.पी स्कूल अरिण्या के बच्चे अब प्रकृति से दूर नहीं। स्कूल के बच्चों और अध्यापकों के परिश्रम से नया जैव विविधता उद्यान बना है। 16 सितंबर 2018 को पंचायत का माननीय अध्यक्ष उद्यान का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण संबंधी फिल्म की प्रदर्शिनी भी होगी।

1) जैव विविधता उद्यान का उद्घाटन कब होगा?

2) जैव विविधता उद्यान के उद्घाटन समारोह के लिए **पोस्टर** तैयार करें।

गतिविधि-3

सूचना : बिंदुओं के आधार पर अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

- पेड़ लगाना
- हरियाली
- स्वच्छ हवा
- ठंडी छाया
- बारिश

1) सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

- पेड़ है तो गर्मी है।
- पेड़ है तो बारिश है।

2) 'पेड़ों को बचाने की आवश्यकता ' विषय पर **लघु लेख** लिखें।

गतिविधि-4

सूचना : खंड पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

ईद का दिन । सलीम ने दोस्तों को दावत पर बुलाया। जोसफ़, रानी, मुनीर आदि सभी दोस्त उपहार लाए। सलीम की माँ ने सबको मिठाइयाँ दीं। लेकिन अनिल नहीं आया। सलीम को बहुत दुख हुआ।

1) सलीम क्यों दुखी है?

- उपहार नहीं मिला।
- माँ ने मिठाइयाँ दीं।
- अनिल नहीं आया।
- घर में दावत थी।

2) ईद के दिन की घटनाएँ बताते हुए सलीम ने अनिल को पत्र भेजा। सलीम का **पत्र** लिखें।

गतिविधि-5

सूचना : खंड पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

विश्वनाथ का उपदेश सुनकर विक्रम को अपनी गलती मालूम हुई। वह अपने घर की ओर निकला। रास्ते में उसी किसान से मिला। वे बातें करने लगे।

1) विक्रम और किसान के बीच का **वार्तालाप** तैयार करें।

2) विक्रम को किसने उपदेश दिया?

(किसान ने, विश्वनाथ ने, आदमी ने)

गतिविधि-6

सूचना : खंड पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> राहुल की माँ एक साल पहले मर गई। एक दिन पापा राहुल को एक समारोह में ले गए। वहाँ एक युवक मंच पर आया। पापा को इशारा करके युवक ने कहा " मैं अंधा था। इनकी प्यारी बीवी की आँखों ने मेरे जीवन को रोशनी दी।" खुशी से युवक की आँखें चमक उठीं। उन आँखों में अपनी माँ की प्यार भरी चमक राहुल ने देखी।

1) पापा राहुल को कहाँ ले गए?

क) सिनेमा
ख) स्कूल
ग) समारोह
घ) अस्पताल

2) " मैं अंधा था।"- किसने कहा?

क) पापा ने
ख) युवक ने
ग) माँ ने
घ) राहुल ने

3) इस घटना का संदेश क्या है?

क) रक्तदान जीवनदान
ख) नेत्रदान महादान
ग) अन्नदान श्रेष्ठदान
घ) श्रमदान महत्दान

4) खंड में 'प्यारी' किस शब्द का विशेषण है?

क) आँख
ख) बीवी
ग) चमक
घ) रोशनी

5) खंड में 'प्रकाश' का समानार्थी शब्द है-

क) खुशी
ख) प्यार
ग) रोशनी
घ) इशारा